# समाहरणालय, भागलपुर
## (जिला बाल संरक्षण इकाई)
### विज्ञापन संख्या–02/2025

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के पत्रांक– 955 दिनांक– 30.11.2023 के आलोक में पर्यवेक्षण गृह, भागलपुर के संचालन हेतु संविदा आधारित पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

**Eligibility Criteria for Appointment of Functionaries under Observation home (OH)**

| Sl. No. | Job Title & Description | Qualification & Experience | Desired Competencies | Age | Category | Monthly Salary Rs. (consolidated) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Educator | • 10+2 with Diploma in elementary education (D.El.Ed.) or Bachelor in any discipline from recognized University. | Good oral and written communication skill. Sensitivity to children in difficult circumstances. • Should exibit child friendly communication | 01 (UR) | 18 & above | 10000/- |
| 5 | Art & Craft-cum-Music Teacher | • 10+2 with Senior Diploma in Art & Craft/Music from recognized university. | Sensitivity to children in difficult circumstances. • Should exibit child friendly communication | 01 (UR) | 18 & above | 10000/- |
| 6 | P.T Instructor-cum-Yoga Trainer | • 10+2 and Diploma/Degree in Physical education from recognized university | Sensitivity to children in difficult circumstances. • Should exibit child friendly communication | 01 (UR) | 18 & above | 10000/- |
| 7 | Cook | • A person with functional literacy | • Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances | 02 (UR -01, EBC - 01) | Up to 45 Years | 9930/- |
| 8 | Helper-cum Night Watchman | • A person with functional literacy | • Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances | 02 (UR -01, EBC - 01) | Up to 45 Years | 7944/- |

2. उम्र सीमाः–न्यूनतम आयु विज्ञापन प्रकाशन के तिथि को 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र विज्ञापन प्रकाशन के तिथि को 45 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
   नोट :– बिहार सरकार द्वारा लागू आरक्षण कोटि में नियमानुसार आयु की उपरी सीमा में छुट दी जायगी।
3. नियोजन अवधिः–मानदेय आधारित उपरोक्त सभी पद संविदा आधारित होंगे जिन्हें आवश्यकतानुसार संतोषजनक कार्य अथवा विभागीय निदेश के आलोक में विस्तारित किया जा सकेगा।
4. चयन प्रकियाः–पदवार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित न्यूनतम अनुभव रखने वाले योग्य उम्मीदवार को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित Email-ID पर दी जाएगी। इस कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार/कॉउन्सेलिंग में भाग लेने वाले किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी तरह का भत्ता देय नहीं है।
5. मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी ना तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और ना ही सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर चयनित इन कर्मियों द्वारा सरकारी सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
6. विज्ञापन एवं शर्त्तों से संबंधित सभी अधिकार जिला बाल संरक्षण इकाई, भागलपुर के अधीन है। जिला बाल संरक्षण इकाई, भागलपुर विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिये सर्वाधिकार धारित करता है।
7. विभाग द्वारा भविष्य में इन पदों पर स्थाई नियुक्ति होने पर यह नियोजन स्वतः समाप्त माना जायेगा। साथ ही, विभाग द्वारा उक्त गृह के संचालन के संबंध में किसी भी तरह के लिये गये निर्णय के आलोक में उपरोक्त नियोजन प्रभावित होगा।
8. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदित पद का उल्लेख करते हुये विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर अपना आवेदन/बायोडाटा विहित प्रपत्र में नवीनतम फोटोग्राफ सहित सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र/अंक पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुये जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रथम तल, डी०आर०डी०ए० भवन, समारणालय परिसर, कचहरी चौक, भागलपुर, पिन – 812001 में हाथोहाथ या डाक के माध्यम से समर्पित किया जा सकता है। प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम द्रष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। एक से अधिक पदों के लिये अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
भागलपुर